# विधायक ने किया अन्थड़ा में विकास कार्यों का लोकार्पण

बूंदी । ग्राम पंचायत अन्थडा में विधायक कोष से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह शनिवार को बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में 5 लाख की लागत के निर्मित सिंह द्वार एवं श्मशान में 5 लाख की लागत से प्रतीक्षालय का लोकार्पण व अरणा माता मंदिर परिसर में 5 लाख की लागत से बनने वाले सीसी चौक का शिलान्यास किया। विधायक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गत कांठोस सरकार में करवाए गए करोड़ों रुपए की लागत के विकास कार्यों के बारे में भी ठााम वासियों को बताया। इस दौरान विधायक हरिमोहन शर्मा ने विधायक कोष से सरपंच, ठााम वासियो, अध्यापकों के आठाह पर विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल इंटरलॉक निर्माण कार्य के लिए 500000 देने की घोषणा की।



ग्राम पंचायत अन्थडा में विकास कार्यों का लोकार्पण विधायक हरिमोहन ( दायें से तीसरे ) शर्मा ने किया।

इस दौरान युवा नेता यशवन्त शर्मा द्वारा विधायक हरिमोहन शर्मा से ठााम पंचायत अन्थड़ा के ग्रामवासियों की लिए पेयजल हेतु पीने के पानी की व्यवस्था करवाने की मांग की , इस पर विधायक शर्मा द्वारा ग्राम वासियों को आश्वस्त किया गया कि वह जल्द ही एक योजना बनाकर जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा कर जल्द से जल्द मीठे पानी का स्त्रोत ढूंढ कर ठााम वासियों के लिए पेयजल के पानी की व्यवस्था करवाएंगे।

■ पांच लाख की लागत से विद्यालय मे होंगे विकास कार्य

इस दौरान ग्राम पंचायत अन्थड़ा सरपंच संतोष धाकड द्वारा विधायक हरिमोहन शर्मा का स्मृति चिन्ह भेटकर धन्यवाद व्यापित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य अनीता मीणा, कृष्ण गोपाल मीणा , एडवोकेट राम कैलाश नगर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप वर्मा, सहकारी समिति अध्यक्ष गजराज सिंह हाडा , महावीर नागर, चित्तर लाल नागर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## आपदा प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

बून्दी । 6 बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वडोदरा, गुजरात द्वारा जिला कलेक्टर बूंदी के सहयोग से नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, एनएसएस, एनसीसी व स्काउट रोवर राजकीय महाविद्यालय बूंदी के संयुक्त तत्वावधान में आपदाओं से बचाव के उपायों, प्रबंधन व जानकारी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अनिता ने एनडीआरएफ टीम का स्वागत करते हुए आपदा राहत बचाव के उपायों को विद्यार्थियों हेतु बताया। प्राकृतिक व मानवीय आपदाओं, सीपीआर, आपदा के समय जनसमूह की भागीदारी, बाढ़, भूकंप के समय बचकर निकलने के तरीकों पर इंस्पेक्टर विपिन यादव ने जानकारी दी। आपदा से सम्बंधित जानकारी एएसआई शैलेन्द्र राय द्वारा दी गई। कैडेट्स व विद्यार्थियों को आपदा से निपटने, जीवन रक्षक उपकरणों का प्रदर्शन व प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद नवाचार प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ दिलीप राठौड़ ने किया। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर जुबेर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार मीणा, डॉ. संत कुमार, डॉ. शहनाज, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. भारतेंदु, डॉ. मेघा मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### कमल ने की एसडीपी डोनेट

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद अस्पताल में भर्ती हार्ट शंकर लाल के उपचार के लिए कमल कुमार इंसा ने एसडीपी देकर इंसानियत का फर्ज अदा किया। सेवादार राजेंद्र सिंह हाड़ा के अनुसार कमल कुमार इंसा को जैसे ही सूचना मिलती है वह अपने सारे काम छोड़कर मरीज की मदद के लिए दौड़ पड़ता है। कमल ने बताया की शंकर लाल का हार्ट बाईपास सर्जरी होना है। ऐसे में उसे तुरन्त बी पॉजिटिव एसडीपी की जरूरत थी। जैसे ही कमल को सूचना मिली तो वह ब्लड बैंक जा पहुंचा और एसडीपी डोनेट कर गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा के पावन वचनों पर अमल करते हुए इंसानियत का फर्ज अदा किया। मरीज के परिजनों ने कहा कि धन्य है ऐसे सेवादार जो अपने सतगुरु के वचनों पर अमल करते हुए मानव भलाई में लगे हुए हैं।

### नवीनीकृत्त इमरजेंसी वार्ड उद्घाटन

कोटा, (निसं)। मंडल रेलवे चिकित्सालय कोटा में नवीनीकृत्त आपातकालीन कक्ष एवं परिवार कल्याण विभाग का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के द्वारा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आरआरके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुपर्णा सेन रॉय तथा समस्त शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मंडल रेल चिकित्सालय कोटा एवं रामदुलारी जिदल मेमोरियल एण्ड हेल्थ केयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में नर्सिंग इमरजेन्सी केयर ट्रेनिगं प्रोगाम की ट्रेनिगं सफलता पूर्वक करने पर पैरा मेडिकल स्टॉफ को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इसी क्रम में सहायक नर्सिगं अधिकारी लता के जॉर्ज के निर्देशन में एक लघु नाटिका रेल चिकित्सालय एवं आपातकाल का मंचन भी किया गया। साथ ही डीआरएम ने एम्प्लाइज ऑफ द मंथ को भी सम्मानित किया।

### वन्देभारत मेट्रो ट्रेन का सफल ट्रायल

कोटा, (निसं)। अनुसंधान अभिकल्प मानक संगठन लखनऊ टीम मंडल के परिचालन विभाग के सहयोग से कोटा मंडल में 16 कोच की नवनिर्मित वन्देभारत मेट्रो रेक का ट्रायल किया जा रहा है। पूर्व में भी कोटा मंडल में ही वन्देभारत 18 एवं 20 कोच रेक का 180 किमी प्रति घंटा पर सफल ट्रायल किया गया था। इस मेट्रो रेक का 05 अक्टूबर को अप दिशा में कोटा से महिदपुर रोड स्टेशन एवं डाउन दिशा में महिदपुर रोड़ से शामगढ़ स्टेशन के मध्य दो फेरे लगाकर अलग-अलग गति पर अधिकतम 145 किमी प्रति घंटा की गति से परीक्षण विभिन्न तकनीकी मानकों के विश्लेषण के लिए किया गया। इस परीक्षण के दौरान सभी कोचों में समान रूप से यात्रियों के भार के बराबर वजन के बराबर 24.7 टन वजन रख कर लोडेड स्थिति में परीक्षण किया गया। ट्रायल के दौरान करीब 50 किलोमीटर तक गाड़ी को 145 किमी प्रति घंटा पर दौड़ाया गया। रविवार को रेक में इंस्ट्रूमेंटेशन कार्य किया जाएगा। आगामी करीब 15 दिन इस रेक का स्पीड, ब्रेकिंग सिस्टम का परीक्षण किया जाएगा। इस रैक का ट्रायल आरडीएसओ के निर्देशक परीक्षण बीएम सिद्दकी के निर्देशन में किया जा रहा है। इस ट्रायल में कोटा के ट्रैफिक निरीक्षक अरविंद पाठक एवं लोको निरिक्षक आर एन मीना ने लखनऊ टीम के साथ को-आर्डिनेट किया।

### वरिष्ठजनों ने पौधारोपण किया

कोटा, (निसं)। वरिष्ठ जन कल्याण समिति के सदस्यों ने शनिवार सायं अपना घर संस्थान के अध्यक्ष डॉ उदयमणि कौशिक के सानिध्य में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह एवं स्वच्छता पखवाड़े में 21 पौधे रोपे। समिति के अध्यक्ष सीकेएस परमार ने बताया कि इस अवसर पर सदस्यों ने बारां जिले के शाहाबाद में वन एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर निजी बिजली कंपनी से अनुबंध करने पर गहरी चिंता जताई। समिति सदस्य जीके गोड़, यज्ञदत्त हाडा, चंद्र सिंह, राजेंद्र गौड़, सुखविंदर कपूर, एसके अग्रवाल, बृजेश विजयवर्गीय आदि वरिष्ठजनों ने कौशिक का अभिनंदन किया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह

रामगंजमंडी। खैराबाद धाम के पन्नालाल लक्ष्मीचंद चौधरी परिवार द्वारा व समाज के सहयोग से एवं श्री श्री 108 श्री स्वामी जी महाराज मधुसूदनाचार्य रामानुज कोट चेचट व राजेन्द्र शर्मा कोटा के सानिध्य में 06 अक्टूबर रविवार को दिव्यांगजन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा।आयोजन कर्ताओं से मिली जानकारी अनुसार समारोह दोपहर 3 बजे महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय खैराबाद में होगा।जिसकी अध्यक्षता कृष्णमुरारी दिलावर करेंगे।वहीं मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी प्रभुलाल वर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रधान कलावती मेघवाल उपप्रधान सुनील गौतम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृति मेहरोत्रा व पीडब्ल्यूडी अधिशाषी अभियंता रामकेश मीणा रहेंगे।

### रक्तदान शिविर आज

छबड़ा । द हेल्पिंग हैंड संस्था द्वारा आज क़स्बे की निजी होटल में विशाल रक्तदान शिविर एवं मेडिकल केम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमे कोटा के चिकित्सक परामर्श देंगे। संस्था के सदस्य आमिर सिद्दीकी ने बताया कि द हेल्पिंग हैंड संस्था द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निजी होटल में रक्तदान शिविर व मेडिकल केम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कोटा के चिकित्सा निशुल्क परामर्श देगे। कैंप में चयनित मरीजों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। वही कैंप में रजिस्ट्रेशन के उपरांत 50 प्रतिशत जांचों में डिस्काउंट भी दिया जा रहा है, बेड चार्ज, आईसीयू चार्ज फ्री रहेगा।

## स्वैच्छिक रक्तदान पखवाड़े में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

कोटा, (निसं)। रक्तदान को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, रक्तदान भारतवर्ष में नियमित रूप से करने के लिए एक कार्य योजना बनाई जाए, रक्तदान को लेकर युवाओं में नई क्रांति का सूत्रपात हो साथ ही रक्तदान स्वैच्छिक रूप से किए जाने को लेकर सरकार भी प्रयास करें ऐसे कई विचार वाद विवाद प्रतियोगिता के दौरान सामने आए। टीम जीवनदाता, माँ भारती जनकल्याण ट्रस्ट, लायंस क्लब कोटा टेक्नो सहित से विभिन्न संगठनों के द्वारा शैक्षिक रक्तदान पखवाडे के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके तहत मोदी लॉ कॉलेज नयागांव में विचार गोष्ठी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मोदी लॉ कॉलेज के 150 से अधिक स्टूडेंटों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। कई स्टूडेंटों ने कहा कि रक्तदान जीवन को बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण द्रव्य है, ऐसे में सरकार को इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है, एक स्टूडेंटों ने कहा कि कई जगह इसे अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि एक बड़े जरूरतमंद वर्ग को इसका लाभ मिल सकें। ड्राईविंग लाईसेंस में एवं वोटर आईडी में भी ब्लड ग्रुप अंकित किया जाना चाहिऐं। ऐसे कई विचार स्टूडेंटों के सामने आए। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं को जोड़ने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। मोदी कॉलेज की प्राचार्य और कार्यक्रम संयोजिका डॉ.क्षिप्रा गुप्ता ने कहा कि रक्तदान पखवाड़े के तहत युवाओं में रक्तदान को लेकर जन-जागृति आए, युवा स्वयं पहल करते हुए।

## कस्बे में अब रात्रि में भी होगी साफ सफाई

छबड़ा। पालिका के सभागार में स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे कई विषयों को लेकर चर्चा हुई, यहां त्योहारो के मद्देनजर रात्रि में भी कस्बे की साफ सफाई करवाए जाने का निर्णय लिया गया। ईओ सन्दीप गहलोत ने बताया कि स्वछता ही सेवा अभियान के ब्राण्ड एम्बेसेडर हिम्मतसिंह सिंघवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी त्यौहारों को देखते हुए जिस तरह दीपावली पर हर घर में सफाई व्यवस्था चल रही है। इसी तरह पालिका क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जाएगा एवं शनिवार रात्रि से ही कस्बे में साफ सफाई करवाई जाएगी एवं सभी कर्मचारियों का जमादारों को वर्दी में आने को लेकर निर्देश दिए गए। यहां सफाई निरीक्षक मदन मोहन भार्गव व कनिष्ठ अभियंता रवि कुमार शर्मा, जमादार राजकुमार पँवार, चौथमल, नन्दलाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## भारतीय किसान संघ करेगा जयपुर सचिवालय का घेराव, कोटा से भी जाएंगे किसान

कोटा, (निसं)। भारतीय किसान संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे सचिवालय घेराव करेगा। प्रान्त अध्यक्ष शंकरलाल नागर ने कहा कि चित्तौड़ प्रान्त के सभी 16 जिलों से बड़ी संख्या में किसान सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि चित्तौड़ प्रांत की सभी तहसीलों के कार्यकर्ता सुबह 5 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे। सम्भाग अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने बताया कि जब से राजस्थान सरकार बनी तब से भारतीय किसान संघ के द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर बार-बार ज्ञापन, धरना, महापड़ाव वार्ता के माध्यम से सरकार को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है। लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

■ सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीद की तुरंत घोषणा करें : असरकार

कोटा जिलाध्यक्ष जगदीश कलमंडा एवं झालावाड़ जिलाध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर ने बताया कि सरकार से लगातार समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद शुरू करने, दूध खरीद का बकाया अनुदान जारी करने, कृषि विद्युत सम्बंधी समस्याओं सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा की जा रही है। लेकिन कोई परिणाम नहीं निकल रहा है। जिला मंत्री रूपनारायण यादव तथा कार्यालय मंत्री महावीर नागर ने कहा कि प्रदेश में खरीफ सीजन की फसलों की कटाई आरम्भ हो गई है। किसान फसलों को मंडियों में बेचने के लिए लाने लगे है। मूंग सितम्बर व अक्टूबर माह में 70 प्रतिशत व सोयाबीन अक्टूबर माह में 60 प्रतिशत मंडियों में आ जाता है। इस सीजन में सोयाबीन व मूंग 500 रुपए से 3500 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य से नीचे बिक रहे है। जिससे खरीद शुरू नहीं होने से किसानों को नुकसान हो रहा है। सोयाबीन व मूंग का तत्काल समर्थन मूल्य पर खरीद का कार्यक्रम घोषित किया जाकर 15 अक्टूबर से खरीद शुरू करने हेतु अधिसूचना करवाई जानी चाहिऐं भारतीय किसान संघ ने कहा कि दुग्ध उत्पादक किसानों का मुख्यमंत्री दुग्ध सम्बल योजना के तहत अनुदान दिसम्बर माह से बकाया है। कृषि सिंचाई हेतु विद्युत आपूर्ति में समस्याएं बहुत अधिक आ रही हैं।

## बिरला उत्तम सीमेंट ने रिटेलर्स का किया सम्मान

कोटा, (निसं)। बिरला उत्तम सीमेंट द्वारा बूंदी रोड़ स्थित एक रिसोर्ट में कोटा, बूंदी जिले के रिटेलर्स की मीट का आयोजन किया गया। जिसमें रिटेलर्स का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरला उत्तम के असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट मार्केटिंग सुनील जैन रहे, अध्यक्षता सेल्स विभाग के जीएम राजेश कल्ला एवं विशिष्ट अतिथि सेल्स एंड मार्केटिंग विंग के डीजीएम संदीप शर्मा रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवीपी सुनील जैन ने कहा कि बिरला उत्तम सीमेंट आज हाड़ौती का नंबर वन सीमेंट है और आज यह विश्वास मंगलम सीमेंट के समस्त रिटेलर्स, डीलस, ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों की बदौलत कायम हुआ है।

इसीलिए आज यह सम्मान समारोह आप सभी की कंपनी के प्रति विश्वास को और प्रगाढ़ करने के लिए रखा गया है। उन्होंने सभी रिटेलर्स से अपने-अपने क्षेत्र में सेल को और अधिक बढ़ाने के प्रयास करने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे सेल्स विभाग के जीएम राजेश कल्ला ने कहा कि बिरला उत्तम सीमेंट आज हाड़ौती क्षेत्र का नंबर वन सीमेंट कंपनी है और इसे नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिऐं। विशिष्ट अतिथि सेल्स एंड मार्केटिंग के डीजीएम संदीप शर्मा ने कहा कि अपनी गुणवत्ता और भरोसे से मंगलम बिरला उत्तम सीमेंट 45 वर्षों से लगातार हाड़ौती का पंसदीदा ब्रांड बन गया है। अन्त में कोटा के सेल्स प्रमोटर कौशल खण्डेलवाल व बूंदी के सेल्स प्रमोटर महेन्द्र सिखवाल ने अतिथियों व सेल्स प्रमोटर्स का आभार व्यक्त किया। टारगेट अचीव करने पर भेंट किये उपहार- कार्यक्रम के दौरान कंपनी द्वारा टारगेट अचीव करने वाले बेस्ट रिटेलर्स को 27 मोटरसाईकिलें, 31 वाशिंग मशीन, 20 सीलिंग फेन, 33 वाटर डिस्पेंसर, 13 मिनी फ्रिज, 50 मोबाइल फोन, 24 डबल डोर फ्रिज, 7 स्पिलिट एसी, 13 एलईडी उपहार स्वरूप भेंट किये गए।

## दिव्यांग बालक को मिली ट्राई साइकिल

कोटा, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में चल रहे सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से दिव्यांग बालक को ट्राई साईकिल भेंट की गई। कोटा दक्षिण के वार्ड नंबर 2 के पार्षद धीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि दिव्यांग बालक उनके वार्ड के निवासी मूर्तिकार का बेटा है, जिसकी जरूरत को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मदद का आग्रह किया था, उनके निर्देश पर बालक को ट्राई साईकिल भेंट की गई। पार्षद धीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि ट्राईसाईकिल पाकर बच्चे और उसके पिता के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों की मुस्कान देखकर वहां मौजूद सभी लोग प्रफुल्लित हो उठे। इस अवसर पर पार्षद धीरेन्द्र चौधरी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सदैव समाज के जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

## 167 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

बून्दी। कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में 167 करोड़ रुपए के विभिन्न सड़क, आरओबी तथा पुलिया निर्माण कार्यों के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के सड़क नेटवर्क में महत्वपूर्ण सुधार होगा तथा शहरी और ठाामीण क्षेत्रों में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

कोटा-बूंदी क्षेत्र में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं को मूर्त रूप देने में लोक सभा स्पीकर ओम बिरला का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके प्रयासों से जिले में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार तेज़ी से हो रहा है जिसका फायदा क्षेत्र के समस्त नागरिकों को होगा। उन्होंने कहा की इस स्वीकृति से क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी तथा सुगम यात्रा सुनिश्चित होने के साथ ही आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। ये परियोजनाएं विकास को गति देने और कोटा और बूंदी के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए हमारी डबल इंजिन की सरकार के निरंतर प्रयासों को दर्शाती हैं।

इन विकास कार्यों को मिली स्वीकृति राज्य सरकार के परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 के क्रम में हुई घोषणाओं के तहत शुक्रवार को कुल 601 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को प्रशासनिक तथा सैद्धांतिक स्वीकृति मिली है। इसमें कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र के 167 करोड़ रुपये के 7 विकास कार्य सम्मिलित है, जिसके तहत ठाामीण सड़क, आरओबी, पुलिया तथा सड़क उन्नयन के कार्य करवाए जायेंगे।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए किया 'मार्च फॉर माइंड'

कोटा, (निसं)। एमपॉवर ने आज मानसिक स्वास्थ्य को लेकर 'मार्च फॉर माइंड' का सफल आयोजन किया। मार्च फॉर माइंड रैली ओम कोठारी इंस्टीट्यूट से शुरू होकर कोटा के सिटी पार्क पहुंची। इस रैली में कोटा के विभिन्न कॉलेजों से 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मार्च के बाद प्रत्येक छात्र ने मानसिक स्वास्थ्य की कसम ली। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस से पहले यह छात्र मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एकजुट हुए। आयोजन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को समाप्त करना और समुदाय में युवाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करना था। आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट की पहल द्वारा स्थापित एमपॉवर की स्थापना नीरजा बिरला द्वारा की गई है। एमपॉवर की कार्यकारी महाप्रबंधक नेहल सिक्वेरा ने इस अवसर पर कहा कि 'जैसे-जैसे विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के करीब पहुंच रहे हैं, केवल जागरूकता पैदा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में सार्थक चर्चाओं में सक्रिय रूप से शामिल करना भी महत्वपूर्ण है।

■ रैली ओम कोठारी इंस्टीट्यूट से शुरू होकर कोटा के सिटी पार्क पहुंची



कोटा में मार्च फॉर माइन्ड आयोजित किया गयी है।

'मार्च फॉर माइंड' जैसी गतिविधियाँ मानसिक स्वास्थ्य के चारों ओर की बाधाओं को तोड़ने में मदद करती हैं, जिससे युवाओं के लिए खुलकर बात करना और जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करना आसान हो जाता है। 'कोटा अपने कठोर शैक्षणिक माहौल के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मामलों में यहां चिंताजनक वृद्धि हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि शैक्षणिक दबाव और व्यक्तिगत तनाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं, जिससे उनके समग्र उत्थान पर बुरा असर पड़ रहा है। एम्पावर की वीपी ऑपरेशन्स, परवीन शेख ने विशेष मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा किष्कोटा के छात्रों को विशेष चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए विशेष परामर्श और समर्थन की आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में एम्पॉवर की विशेषज्ञता इन चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण है। कोटा में एम्पॉवर की शुरुआत मील का पत्थर साबित होगी है। कोटा में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए एमपावर जल्द ही यहां अपनी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। जिससे समाज के सबसे कमजोर वर्गों सहित छात्रों को भी आवश्यक मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्राप्त हो सकें।

## कोटा में होगा तीन हज़ार करोड़ रुपए का औद्योगिक निवेश

कोटा, (निसं)। कोटा जिला आगामी वर्षों में एक बार फिर हजारों करोड़ रुपए के औद्योगिक निवेश का केंद्र बनेगा। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत कोटा में भी 9 अक्टूबर को जिला स्तरीय समिट आयोजित होगी। इसमें भी 1382 करोड़ रुपए के एमओयू होंगे। कोटा में चंबल फर्टिलाइजर केमिकल के नजदीक 1100 करोड़ का निवेश होगा। इससे हजारों को रोजगार मिलेगा। साथ ही पिडीलाइट 116 करोड़ का निवेश करेगी। जानकारी देते हुए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महाप्रबंधक कोटा हरिमोहन शर्मा ने बताया कि कोटा में चंबल फर्टिलाइजर केमिकल लिमिटेड के नजदीक ही 1100 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट होगा। इसके तहत हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसे हमने जिला समिट में शामिल नहीं किया है। इसमें बड़े निवेश का प्रपोजल है। ऐसे में यह एमओयू जयपुर स्तर पर ही होगा। रीको के सीनियर डीएम एमके शर्मा ने बताया कि रामगंजमंडी एरिया के गूंदी फतेहपुर में पिडीलाइट 116 करोड़ रुपए का इसमें इन्वेस्टमेंट कर रहा है। जहां 59000 स्क्वायर मीटर जमीन एलॉट की है। उन्होंने उद्योग स्थापित करने के लिए बाउंड्री वॉल से लेकर दूसरे कार्य शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा 9 अक्टूबर की जिला स्तरीय समिट में भी 1382 करोड़ रुपए के एमओयू होने वाले हैं। ऐसे में कुल मिलाकर 3000 करोड़ से ज्यादा का औद्योगिक निवेश पूरे कोटा जिले में आगामी सालों में होने वाला है।

## टूरिस्ट गाइड बनी हेमलता पंवार

बूंदी। आशापुरा माताजी ट्रस्ट के मोती महल कार्यालय के अवसर पर अलवर युवराज मानवेन्द्र सिंह ने राजपरिवार की संपतियो मे तैनात प्रशिक्षक गाईडो को लाइसेंस प्रदान किये। इसके साथ ही हाड़ौती के पर्यटन को पहली महिला गाइड भी मिल गई, जिससे पर्यटन स्थलों पर घूमने आने वाली महिला पर्यटकों को भी महिला गाइड मिलने से पर्यटन स्थलों का दीदार करने में सहूलियत मिलेगी। इस दौरान अलवर युवराज मानवेन्द्र प्रताप सिंह तथा महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने गढ पेलेस मे तैनात प्रशिक्षित गाइड हेमलता पंवार को लाइसेंस प्रदान किया। फर्राटेदार अंठोजी बोलने वाली हेमलता वर्तमान में बूंदी के गढ मे अपनी सेवाएं दे रही है। लाइसेंस प्रदान करते वक्त युवराज मानवेन्द्र ने महिला गाइड से उनके अनुभवों के बारे मे विस्तार से चर्चा की।

वहीं युवराज मानवेन्द्र ने राजपरिवार की संपत्ति में कार्यरत हाड़ौती गाईड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, अश्वनी शर्मा, जोगेन्द्र सिंह, अमन शर्मा, कमल हाडा, संदीप शर्मा, जयप्रकाश जैन, महिला गाईड हेमलता पंवार सहित एक दर्जन प्रशिक्षित गाइड को भी लाइसेंस प्रदान कर बूंदी रियासत की संपत्ति की विस्तृत जानकारी देशी विदेशी पर्यटकों तक पहुंचाने के निर्देश दिये।

## भाजपा की सदस्यता अभियान की बैठक सम्पन्न

झालावाड़ । शनिवार को भाजपा जिला झालावाड़ की सदस्यता अभियान की जिला समीक्षा बैठक राड़ी के बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक मंडल की सदस्यता की समीक्षा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष संजय जैन ताऊ ने कहा कि प्रत्येक मण्डल को जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसके हिसाब से प्रत्येक मंडल अध्यक्ष और संयोजक को तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को व्यापक संपर्क कर अधिक से अधिक सदस्य बनाने है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व चैयरमेन श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान को पूरी गति से संचालित करना है। सदस्यता अभियान के जिले के प्रभारी जगदीश मीणा ने कहा कि आगामी दिनों में जिले को राज्य में प्रथम स्थान पर लाना है। बैठक में मनोहर थाना विधायक गोविन्द रानीपुरिया ने अधिकतम सदस्य बनाने के टिप्स बताये। बैठक को डग विधायक कालूराम वर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक में जिला संयोजक सदस्यता अभियान हेमंत सिंह सोजपुर ने विभिन्न विधानसभा की सदस्यता की समीक्षा की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री डॉ राजेश शर्मा ने किया। बैठक में जिला महामंत्री संजय वर्माए दिलीप प्रजापति, निर्मल शर्मा सहित झालावाड़ नगर परिषद सभापति संजय शुक्ला बकानी प्रधान मोतीलाल एरवालए झालरापाटन पाटन प्रधान भावना झालाए खानपुर प्रधान शीला शर्माए सुनेल प्रधान सीता भील सहित जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल संयोजक सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।देशी विदेशी पर्यटकों को बूंदी पर्यटन स्थलों की जानकारी देगी ।

## अहिल्याबाई के होल्कर व्यक्तित्व पर व्याख्यानमाला

बून्दी। राजकीय महाविद्यालय तालेड़ा में भारतीय वीरांगना अहिल्या बाई होल्कर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर निबंध, और व्यक्ति चित्र प्रतियोगिताओं सहित व्याख्यान माला का आयोजन इतिहासविद् डॉ. एस.एल. नागौरी के मुख्यातिथ्य तथा प्राचार्य डॉ. बृज किशोर शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में इतिहासविद् डॉ. अरविन्द कुमार सक्सेना तथा मन की बात के जिला संयोजक भरत शर्मा भी मंचासीन रहे। इतिहासविद् डॉ. नागौरी ने अहिल्या बाई के जीवन के विविध पक्षों को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए प्रजा के लिए किए गए अहिल्या बाई के जनहितकारी कार्यों का भी उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविन्द कुमार सक्सेना ने अहिल्या बाई होल्कर के बूंदी राज्य से संबंधों की विस्तृत चर्चा की और उनके जीवन के अनछुए पहलुओं को बतलाया। मन की बात के जिला संयोजक श्री भरत शर्मा ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अहिल्या बाई होल्कर की नारी सेना का उल्लेख करते हुए सभी छात्रों को स्त्रियों को सम्मान करने की शपथ दिलवाई और भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान का उल्लेख करते हुए वर्तमान परिस्थिति की विवेचना की।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम छोटे खान से बदलकर नया नाम छोटे मोहम्मद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-छोटे मोहम्मद पुत्र चाँद खान 272 काला तालाब वार्ड 44 बावड़ी से कालाजी के टापरी वाला रोड बोरखंडी कोटा